**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 28.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **दुमका के एयरपोर्ट मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, झारखंड में विकास की दी गारंटी, कहा– नई सरकार बनने के बाद बनेंगे तीन करोड़ और पक्के मकान।**
2. **इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन की आज साहिबगंज और पाकुड़ में दो चुनावी जनसभाएं।**
3. **टेंडर कमीशन घोटाला में ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीश रंजन पहुंचे ईडी कार्यालय, पूछताछ शुरू।**

**और**

4. **जमीन घोटाले मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नियमित जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, ईडी ने जवाब दाखिल और पक्ष रखने के लिए मांगा समय।**

*************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुमका के एयरपोर्ट मैदान में दुमका संसदीय क्षेत्र से भापजा प्रत्याशी सीता सोरेन के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड वासियों को वे विकास की गारंटी देते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 4 जून के बाद नई सरकार बनेगी।

चुनावी जनसभा में गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे, दुमका सीट से प्रत्याशी सीता सोरेन और राजमहल प्रत्याशी ताला मरांडी सहित प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व इनमें से कई नेताओं ने भी जनसभा को संबोधित किया।

*************************

साहिबगंज और पाकुड़ में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन की चुनावी सभा होगी। इंडी गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में कल्पना सोरेन साहिबगंज के उधवा स्थित इंग्लिश मैदान में दिन के डेढ़ बजे सभा को संबोधित करेंगी। वहीं पाकुड़ के शक्ति घाटा मैदान में भी दोपहर बाद करीब तीन बजे उनकी एक चुनावी सभा होगी।

*************************

पाकुड़ जिले के राजमहल संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ताला मराण्डी के समर्थन में पार्टी चुनाव कार्यलय में बैठक हुई। बैठक में लक्ष्मीकांत वाजपेई ने राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकूड़ जिले में चुनाव में पार्टी की जीत को लेकर संगठन के स्तर से किये जा रहे कार्यो को लेकर चर्चा की। मौके पर झारखण्ड प्रभारी ने राज्य की सभी 14 सीटों पर जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए 400 पार का आंकड़ा पार करेगा।

*************************

गोड्डा जिले में आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कई पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे गोड्डा संवाददाता –

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्टर में श्री मोदी ने कहा कि वीर सावरकर ने मातृभूमि की सेवा में अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। वे देशवासियों के लिए सदा प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

*************************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूछताछ शुरू कर दी है। सुबह 11 बजे मनीष रंजन ईडी कार्यालय पहुंचे। मनीष रंजन को इससे पहले पूछताछ के लिए 24 मई को समन कर बुलाया गया था लेकिन वे नहीं गए थे। उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर आग्रह किया था कि पूछताछ के लिए उन्हें समय दिया जाए। ईडी आज उन्हें ग्रामीण विकास

विभाग मंत्री आलमगीर आलम के समक्ष बैठाकर पूछताछ कर सकता है। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आलमगीर आलम ईडी की रिमांड पर हैं।

************************

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नियमित जमानत याचिका पर आज झारखंड उच्च न्यायालय में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की वेकेशन बेंच में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें तत्काल राहत नहीं मिल पाई है। ईडी ने इस मामले में जवाब दाखिल करने और पक्ष रखने के लिए और समय की मांग की है। सुनवाई के दौरान सोरेन की ओर से ऑनलाइन जुड़े सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील पेश करते हुए कहा कि जिस आठ दशमलव आठ छह एकड़ जमीन पर कब्जे का आरोप लगाते हुए ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है, उससे संबंधित एक भी दस्तावेज ईडी के पास नहीं है।

************************

राजस्व संग्रहण को लेकर देवघर प्रमंडल में विभागीय अभियंताओं, विद्युत कर्मियों व संवेदकों के साथ कार्यपालक अभियंता नीरज आनंद ने बैठक की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के घर–घर पहुंच कर बिलिंग की समस्या दूर की जाए और औद्योगिक तथा वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की भी समय पर बिलिंग की जाए।

उन्होंने बकायेदारों के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि देवघर विद्युत प्रमंडल क्षेत्र में 10 हजार के बकाया वाले एक हजार एक सौ और 25 हजार रुपये के बकाया वाले पांच हजार तीन सौ से ज्यादा बकायेदार हैं।

************************

लोहरदगा जिले में मडुवा से बने सामग्री की ओर लोगों का झुकाव बढ़ रहा है। इसे बढ़ावा देने के लिए जिले में दीदी मडुवा रसोई का शुभारंभ भी किया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र स्थित डैम रोड के एक सरकारी शराब दुकान से एक लाख इकतालीस हजार नगद के अलावे 50 पेटी ब्रांडेड महंगे शराब की चोरी कर ली है, जिसकी कीमत लगभग तीन लाख सत्तर हजार हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

************************

रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा में राशि का गबन करने वाला प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। इस मामले की जानकारी देते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि उसने 10 लाख रुपए से अधिक की राशि का गबन फर्जी हस्ताक्षर कर किया था।

************************

गोड्डा जिले में लगातार पुलिस को अवैध शराब के खिलाफ शिकंजा कसने में सफलता मिल रही है। कल रात पुलिस ने पथरगामा प्रखंड के पास पानी गांव में छापेमारी कर एक पिकअप वैन को अवैध शराब बिहार ले जाते हुए पकड़ा।

************************

झारखंड में इस वर्ष जून महीने में सामान्य से कम बारिश का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने किया है। मौसम विभाग के अनुसार पलामू प्रमंडल में जून महीने में लू चल सकती है। वहीं तापमान में भी उतार चढ़ाव देखा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में आए तूफान रेमल का आंशिक असर भी झारखंड में देखा गया। इसकी वजह से संताल और कोल्हान के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहे और बारिश हुई। राजधानी रांची में कल तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने किया है। आज चतरा लातेहार गढ़वा और पलामू को छोड़ कई जिलों में बारिश होने की संभावना है।

*********समाप्त*********